दिनांकः 18.05.2024 समय : 12:30 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर—अजमेर से

प्रदेश में प्रचंड गर्मी का दौर बना हुआ है। बढते तापमान के साथ ही गर्म हवाओं ने समूचे राज्य को झुलसा दिया है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में राज्य के अधिकांश भागों में अधिकतम तापमान 44 से 46 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। सर्वाधिक तापमान साढे 46 डिग्री बाड़मेर में रहा। विभाग के अनुसार हीट वेव का दौर आगामी एक सप्ताह तक जारी रहने की संभावना है। अधिकतम तापमान के 45 डिग्री से ऊपर बने रहने का पूर्वानुमान है। जोधपुर और बीकानेर संभाग के साथ शेखावाटी क्षेत्र में कहीं—कहीं तेज़ लू चलने की चेतावनी है। पश्चिमी जिलों में लोग दिन के समय घरों में कैद रहने को मजबूर हो गये हैं। सरहदी जिले जैसलमेर में गर्मी के साथ ही मौसमी बीमारियों के मरीजों में बढोतरी देखी जा रही है। जिला प्रशासन की ओर से दवाईयों की सुनिश्चितता के साथ रैपिड रेस्पोंस टीमों का गठन किया गया है। वहां जिला कलेक्टर ने अस्पतालों में विशेष वॉर्ड आरक्षित रखने के निर्देश दिये हैं।

000

प्रदेश में कैंसर और गैर संचारी जैसी गंभीर बीमारियों के प्रसार को रोकने और इसके बेहतर तथा सस्ते इलाज के लिए चिकित्सा विभाग की सभी एजेंसियों के साथ रोडमैप बनाया जाएगा। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि पिछले कुछ सालों में कैंसर जैसी गंभीर बीमारी का तेजी से प्रसार हुआ है और यह मृत्यु के प्रमुख कारणों के रूप में उभरा है। उन्होंने बताया कि सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए एचपीवी के टीके को यूनिवर्सल टीकाकरण कार्यक्रम में शामिल करने के प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य में उपलब्ध चिकित्सा सेवा का उल्लेख करते हुए अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि जिला अस्पतालों से लेकर उपस्वास्थ्य केन्द्र तक तीन तरह के कॉमन कैंसर, ऑरल, ब्रेस्ट और सर्वाइकल कैंसर की स्क्रीनिंग भी नियमित रूप से की जा रही है।

000

राज्य विधानसभा को आज से आम लोग भी देख सकेंगे। इसके लिए द्वार नम्बर सात से आधार कार्ड दिखाकर प्रवेश दिया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की पहल पर जन दर्शन कार्यक्रम के तहत सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक ये व्यवस्था रहेगी। श्री देवनानी ने कहा कि विधानसभा प्रदेश के नागरिकों के हितों का संरक्षण करने वाला सदन है और इस व्यवस्था से विधानसभा के प्रति आमजन का जुड़ाव बढेगा।

000

विश्व संग्रहालय दिवस पर आज प्रदेशभर के संग्रहालयों और स्मारकों में आमजन के लिए प्रवेश निःशुल्क रखा गया है। इस अवसर पर सैलानियों के लिए विशेष आयोजन किये जा रहे हैं। जैसलमेर के ग्रामीण हाट बाजार स्थित दी थार हेरिटेज म्यूजियम में पर्यटकों का पारम्परिक रूप से स्वागत किया जा रहा है। ब्रज क्षेत्र भरतपुर में किला स्थित संग्रहालय में पर्यटकों का शहनाई वादन के साथ स्वागत किया गया।
इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गयी। जयपुर के जंतर मंतर पर यंत्रों के वैज्ञानिक महत्व पर विख्यान रखा गया है। वहां शाम को खगोलीय पिंडों के आकाश

दर्शन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। अल्बर्ट हॉल सहित विभिन्न स्मारकों पर भी पर्यटकों का पारम्परिक रूप से स्वागत किया जा रहा है।

000

आमेर के विश्व प्रसिद्ध हाथी गांव में हाथियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए सोमवार से शिविर लगाया जाएगा। वन विभाग की ओर से लगाये जा रहे इस दो दिवसीय शिविर में हाथी मालिकों और महावतों को आवश्यक रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिये गये हैं। गौरतलब है कि हाथी सफारी के दौरान पर्यटकों की सुरक्षा के मद्देनज़र हाथियों के बेहतर स्वास्थ्य और स्वभाव को व्यवहारिक बनाये रखने के लिए ये पहल की गयी है।

000

राज्य पुलिस के विशेष दल ने भीलवाडा के आसींद में एक ट्रेलर में ले जाया जा रहा 22 क्विंटल से अधिक डोडा चूरा जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि ये डोडा चूरा सीमेंट कट्टों की आड़ में छिपाकर मध्य प्रदेश से तस्करी कर लाया गया था।
उधर, जोधपुर पुलिस ने भोपालगढ क्षेत्र के हिंगोली गांव से पौने सात किलो अफीम दूध और करीब पौन किलो अफीम जब्त की है। जिला पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नशाखोरी और मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए गये विशेष अभियान के तहत ये कार्रवाई की गयी।

000

मरुप्रदेश जैसलमेर की प्राचीन नाट्य कला रम्मत का आज मंचन किया जाएगा। शहर के गोपा चोक में शाम को होने वाला ये कार्यक्रम रातभर चलेगा। कार्यक्रम को लेकर बीते एक महीने से तैयारियां चल रही है। गौरतलब है कि परम्परागत रूप से रम्मत का मंचन किया जाता रहा है। इस दौरान नाटक में महिलाओं के किरदार भी पुरुष ही निभाते हैं।

000